INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet-3 Grammar	Topics: -लिंग, विलोम, पर्याय, अनेकार्थी, उपसर्ग, प्रत्यय, मुहावरे, वाक्यांश ।	**Answers**

प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए|

1. अंबर - कपड़ा - आकाश
2. मत - मना करना , वोट देना
3. उपचार - उपाय - इलाज
4. प्रकृति - स्वभाव - कुदरत
5. तीर - किनारा - बाण
6. मान- इज्जत - अभिमान
7. हार - आभूषण - पराजय
8. भेद - प्रकार - रहस्य

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए|

1. आँख - लोचन ,नयन ,नेत्र ,चक्षु
2. घमंड - अभिमान ,अहंकार , गर्व , गुमान
3. दुख - व्यथा , कष्ट , पीर , पीड़ा
4. हाथ – कर , हस्त , पाणि ,पंजा
5. कपड़ा – वस्त्र , अंबर , चीर , पट
6. अंग - तन , शरीर , काया , देह
7. हवा – वायु , पवन , समीर , अनिल
8. मनुष्य – आदमी ,नर , मानव ,मानुष

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य बनाइए|

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
1.	कवि-कवि कविता गा रहा है।	कवयित्री-कवयित्री कविता गा रही है।
2.	हाथी-हाथी पानी पी रहा है|	हथिनी-हथिनी पानी पी रही है|
3.	साधु–साधु जंगल में तपस्या कर रहा है|	साध्वी-साध्वी जंगल में तपस्या कर रही है|
4.	पुरुष-पुरुष ने नौकर को डाँटा|	स्त्री-स्त्री ने नौकरानी को डाँटा|
5.	पिता-पिता जी सो रहे हैं|	माता-माता जी सो रही हैं|
6.	छात्र-छात्र मैदान में कसरत कर रहा है|	छात्रा-छात्रा मैदान में कसरत कर रही है|
7.	युवक- युवक छत पर खड़ा था		युवती- युवती छत पर खड़ी थी|
8.	अध्यापक- अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।	अध्यापिका- अध्यापिका छात्राओं को पढ़ा रही हैं।

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. मौखिक - लिखित
2. विजय - पराजय
3. घमंड - विनय
4. चेतन - अचेतन
5. बलवान - निर्बल
6. जीवित - मृत
7. तेज़ी - मंदी
8. उचित - अनुचित

प्रश्न-5 दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए|

1. अधि – अधिकार, अधिराज
2. परा – पराजय , पराक्रम
3. प्रति – प्रतिवर्ष , प्रतिदिन
4. अध – अधजला , अधमरा
5. भर - भरपूर , भरसक
6. गैर – गैरकानूनी , गैरसरकारी

प्रश्न-6 दिए गए प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए|

1. पा – मोटापा , बुढ़ापा
2. ता – सफलता , मानवता
3. मान – शक्तिमान , अपमान
4. हार – होनहार , चित्रहार
5. त्व - ममत्व , देवत्व
6. इया – बढ़िया , छलिया

प्रश्न-7 दिए गए मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए|

1. बाट देखना (प्रतीक्षा करना)

वाक्य- हम सब मुख्य अतिथि की बाट देख रहे हैं।

2. आसमान सिर पर उठाना (बहुत शोर करना)

वाक्य- इस कक्षा के छात्रों ने तो आसमान सिर पर उठा रखा है।

3. खून-पसीना एक करना (बहुत कठिन परिश्रम करना)

वाक्य- रामू ने खून-पसीना एक करके अपना मकान बनवाया था।

4. आँखें खुलना (होश आना)

वाक्य- जब मित्र को अपनी आँखों से बेईमानी करते हुए देखा तब राकेश की आँखें खुलीं |

5. हाथ पैर मारना (काफ़ी प्रयास करना)

वाक्य- राम ने इस बार बहुत हाथ-पैर मारे फिर भी वह परीक्षा में सफल नहीं हो सका।

6. हाथ मलना (पछताना)

वाक्य- चिड़िया के उड़ जाने के बाद माधवदास हाथ मलता रह गया|

7. कानोंकान खबर न होना (कुछ खबर न होना)

वाक्य- पड़ोस में चोरी हो गई पर शर्मा जी को कानोंकान खबर न हुई।

8. नाक में दम करना (परेशान करना)

वाक्य- गाँव के इन शरारती बच्चों ने नाक में दम कर रखा है|

प्रश्न-8 (वाक्यांश) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए|

1. जो दिखाई नहीं देता हो– अदृश्य
2. गोद लिया हुआ पुत्र– दत्तक
3. जिसका कोई भय न हो- निर्भय
4. जिसका कोई आधार न हो – निराधार
5. जो पूर्वजों से प्राप्त हो – पैतृक
6. जिसमें दया हो- दयालु
7. जिसकी सीमा न हो- असीम
8. जो अपने देश से प्रेम करता हो– देशप्रेमी

****